तापमान
अधिकतम 21.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 20 नवंबर 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

धान बेचने आए किसानों का हुआ स्वागत





## खबर संक्षेप

### युवा रत्न सम्मान योजनांतर्गत आवेदन 30 तक आमंत्रित

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किये गये अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिये सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से 'युवा रत्न सम्मान'की स्थापना किया गया है। इस कार्य में व्यक्तियों व संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने, मान्यता देने एवं प्रतिष्ठा मंडित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने विभिन्न 14 क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों व संगठनों को युवा रत्न सम्मान प्रदाय करने का निर्णय लिया है। युवा रत्न सम्मान हेतु आवेदन खेल एवं युवा कल्याण विभाग जशपुर में 30 नवम्बर 2025 तक स्वीकार किये जायेंगें। उक्त संबंध में अधिकारी जानकारी के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

### जनहानि मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। जशपुर तहसील अंतर्गत ग्राम किनकेल निवासी स्व.समीर राम का तालाब के पानी में डूबने से 31 मई 2024 मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके माता श्रीमती मीरा बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सिकल सेल रोग की देखभाल एवं प्रबंधन पर प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज एवं यूनिसेफ के सहयोग से संगवारी संस्था द्वारा सिकल सेल बीमारी पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ.जेम्स मिंज के नेतृत्व में आयोजित इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में सिकल सेल रोग की देखभाल एवं प्रबंधन संबंधी विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का संचालन संगवारी संस्था से डॉ.बैधनाथ देबनाथ द्वारा किया गया। उन्होंने सिकल सेल रोग की स्क्रीनिंग, निदान की पुष्टि, हाइड्रोक्सीयूरिया के उपयोग एवं खुराक के निर्धारण तथा संकट की स्थिति में प्रारंभिक देखभाल के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर पहचान और उचित उपचार से सिकल सेल रोग के दुष्प्रभावों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों से आए 110 स्वास्थ्यकर्मियों—बीएमओ, एमओ, सीएचओ, आरएचओ, नर्सें, फार्मासिस्ट, एमएलटी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित प्रतिभागियों ने सिकल सेल रोग की रोकथाम, प्रबंधन एवं समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने संबंधी तकनीकी ज्ञान अर्जित किया।

गंभीर कुपोषित बच्चों का एनआरसी में करें इलाज एवं स्वास्थ्य देखभाल

# कुपोषण मुक्ति के लिए सक्रियता से करें कार्यः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में विगत दिवस जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई।

■ कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

बैठक में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण मुक्ति, टीबी उन्मूलन, संस्थागत प्रसव, आयुष्मान कार्ड सैचुरेशन, जिले के विशेष प्रोजेक्ट स्वास्थ्य मितान, पीवीटीजी हेल्प डेस्क, रिचिंग एवरी डिलीवरी, योगा इन प्रेग्नेंसी, आईआईटी बॉम्बे पोषण मिशन तथा मानव संसाधन की उपलब्धता सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लक्षित योजनाओं एवं सेवाओं का पूरी तत्परता से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में छूटे हुए लोगों का आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड एवं वय वंदना कार्ड बनाने विशेष अभियान चलाया जाए। शत-प्रतिशत पात्र लोगों का कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे आयुष्मान कार्ड सैचुरेशन पूर्ण हो सके। इसके साथ ही जिले को टीबी मुक्त करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाने पर जोर दिया, जिससे टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने में मदद मिले। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, सीएमएचओ डॉ जीएस जात्रा, सिविल सर्जन, सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, कॉर्डिनेटर एवं पीएचसी- सीएचसी के चिकित्साधिकारी सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ मौजूद रहे।



### कुपोषण मुक्त करने सक्रियता से करें कार्य

कलेक्टर ने कहा कि जिले में कुपोषण मुक्ति के लिए सघन अभियान चलाया जाए। सभी आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुले यह सुनिश्चित करें तथा सीडीपीओ समय-समय पर इनका निरीक्षण अवश्य करें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की बेहतर देखभाल एवं सभी एक्टिविटी सुचारू रूप से संचालित करने हेतु प्रोत्साहित करें। पूरक पोषण आहार नियमित रूप से बच्चों और माताओं को उपलब्ध कराएं। उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में रखकर समुचित इलाज एवं देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एनआरसी में बेड ऑक्यूपेंसी दर शत-प्रतिशत रहे। गंभीर कुपोषित बच्चों को लगातार 15 दिन तथा अति गंभीर बच्चों को 30 दिन तक एनआरसी में रखकर उपचार किया जाए। सीडीपीओ सप्ताह में एक बार एनआरसी का निरीक्षण कर बच्चों के वजन एवं स्वास्थ्य सुधार की जानकारी लें। एसडीएम की अध्यक्षता में माह में एक बार ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर एवं सीडीपीओ संयुक्त बैठक में शामिल होकर मातृ शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, ओपीडी-आईपीडी तथा जन्म-मृत्यु दर की समीक्षा करें।

### मातृत्व मृत्यु दर रोकने कराएं शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव

कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। मातृत्व मृत्यु दर रोकने एवं बेहतर देखभाल के लिए स्वास्थ्य अमला सतर्क रहे। प्रसव की निर्धारित तिथि नजदीक आने पर मितानिन रोजाना घर जाकर गर्भवती महिला का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्थिति की जानकारी लें। हाई रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान कर विशेष स्वास्थ्य परीक्षण, समुचित देखभाल एवं उचित समय पर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए लोगों को अस्पताल में ही सुरक्षित प्रसव कराने के लिए प्रेरित करने हेतु प्रचार-प्रसार को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य एवं मानव संसाधनों को दुरुस्त करने, दवाइयों की उपलब्धता, आवश्यक टेस्ट एवं सी सेक्शन की सुविधा को सुचारू रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में स्त्री रोग विशेषज्ञ उपलब्ध हैं, अतः जिला अस्पताल में अनावश्यक रेफर की आवश्यकता नहीं पड़े।

### अपेक्षा अनुरूप कम परफार्मेंस पर जताई नाराजगी

बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य मानव संसाधन की स्थिति की जानकारी ली और जहां खाली स्वीकृत पद हैं वहां भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने निर्देशित किया। आरोग्य मेला, टेली मेडिसिन, टीकाकरण, फैमिली प्लानिंग, हाट बाजार क्लिनिक, आउटरीच गतिविधि, एनसीडी जांच आदि की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

## अवैध धान परिवहन और भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई जारी



**जशपुरनगर।** जिले में अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। राजस्व, खाद्य एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए करीब 2220 बोरी धान जब्त किया गया है। सभी मामलों में विधिसम्मत कार्यवाही प्रारम्भ की गई है।

■ संयुक्त टीम की छापेमारी में 2220 बोरी धान जब्त

एसडीएम पत्थलगांव के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। टीम ने काडरो एवं मुड़ाबाहला के आसपास के सात अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। जांच में पाया गया कि पुराने धान को अवैध बिक्री की मंशा से डंप एवं संचित किया गया था। मौके पर लगभग 1400 बोरी धान जब्त कर राजस्व विभाग को सुपुर्द किया गया है। साईटांगरटोली बैरियर लोदाम में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, फूड इंस्पेक्टर एवं उड़नदस्ता टीम द्वारा ट्रक क्रमांक एपी 16 टीजे 0799 को रोककर जांच की गई। ट्रक में लगभग 700 बोरी धान लोड था। वाहन चालक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज संदिग्ध पाए जाने पर वाहन एवं धान को तत्काल जब्त करते हुए लोदाम थाना के सुपुर्द किया गया। फूड इंस्पेक्टर को नियमानुसार आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसी दौरान साईटांगरटोली बैरियर लोदाम में ही संयुक्त टीम द्वारा एक अन्य वाहन क्रमांक जेएच 01 ईडब्लू 9268 को रोककर पूछताछ की गई। वाहन चालक ने धान गुमला से जशपुर की ओर ले जाने की जानकारी दी, परंतु उसके पास किसी ⏭ शेष पेज 4 पर

## नवनियुक्त जनपद सीईओ का सचिव संघ किया स्वागत



**पत्थलगांव।** जनपद पंचायत में नए सीईओ के रूप में केके श्रीवास का जनपद पंचायत पत्थलगांव के सभागार में ग्राम पंचायत के सचिवों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष टिपेंद्र यादव एवं सभी ग्राम सचिव मौजूद रहे।

### दर्जनों पंचायत सचिव हुए इधर से उधर

पत्थलगांव जिले की कुनकुरी जनपद पंचायत में दर्जनों ग्राम पंचायत सचिवों का ट्रांसफर जनपद सीईओ के द्वारा किया गया है। एक साथ इतने सचिवो का ट्रांसफर करने से पंचायत स्तर में कार्य काफी प्रभावित होता है। कुनकुरी जनपद सीईओ प्रमोद सिंह के द्वारा 12 और 15 सितंबर 6 अक्टूबर को अनेक सचिवो को इधर से उधर किया है। जबकि नियमानुसार पंचायत सचिव को ट्रांसफर करने हेतु जनपद सीईओ को अपने तरफ से प्रस्ताव बनाकर जिला पंचायत भेजना चाहिए था फिर उस प्रस्ताव के आधार पे जिला पंचायत से ग्राम पंचायत सचिवों का ट्रांसफर आदेश जारी किया जाता पर जिस तरह से स्थानीय लेबल पर ही पंचायत सचिवों को ट्रांसफर कर दिया गया उससे ये लगता ही कि मनमानी पूर्वक कार्य जनपद सीईओ के द्वारा किया गया है।

## मनरेगा के प्रोग्राम अधिकारी बिना किसी सूचना के ड्यूटी से नदारद

**पत्थलगांव।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना विभाग में पदस्थ प्रोग्राम अधिकारी नीलम तिर्की पिछले कई दिनों से बिना किसी सूचना के ड्यूटी से नदारद हैं।

■ महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना विभाग में हैं पदस्थ

मनरेगा विभाग ग्रामीणों को रोजगार देने शासन स्तर की महत्वपूर्ण विभाग है। बिना प्रोग्राम अधिकारी के मौजूदगी के मनरेगा विभाग से भुगतान कैसे किया जा रहा है ये बड़ा सवाल है।

महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार विभाग पूरे 84 ग्राम पंचायत के मनरेगा गारंटी योजना से किए जा रहे हैं। कार्य की देखरेख मस्टर रोल की समस्त जानकारी को देखने एवं समय से कार्य पूर्ण कराने जिम्मेदारी प्रोग्राम अधिकारी का है। पत्थलगांव के इतने बड़े विकासखंड जहां 84 पंचायत हो और वहां के मनरेगा विभाग की प्रोग्राम अधिकारी ही कितने दिनों से बिना किसी को बताए अपने ड्यूटी से नदारद होना प्रशासन के कसावट पर सवाल खड़ा करता है। जैसा कि आप जानते हैं कि पत्थलगांव मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का गृह जिला है। उस जिले में ही प्रोग्राम अधिकारि का बिना किसी अपने उच्च अधिकारी को जानकारी दिए हुए ड्यूटी से नदारद रहना पूरे व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। पत्थलगांव जनपद पंचायत के सीईओ केके श्रीवास से मनरेगा विभाग के प्रोग्राम अधिकारी नीलम तिर्की के नदारद रहने के साथ ही उनके डिजिटल साइन का उपयोग करते के सवाल पर उन्होंने मनरेगा विभाग के कर्मचारियों से बुलाकर जानकारी मांगी। उन्होंने बताया कि मनरेगा विभाग की उपस्थिति पंजी में प्रोग्राम अधिकारी नीलम तिर्की का 17 नवम्बर से हस्ताक्षर नहीं है। मेरे द्वारा 17, 18, 19 नवम्बर की हस्ताक्षर पंजी में मार्क किया गया है। मनरेगा विभाग के कर्मचारियों से प्रोग्राम अधिकारी नीलम तिर्की के द्वारा किसी तरह के आवेदन देने की बात पर उन्होंने बताया कि मनरेगा विभाग के कर्मचारियों ने किसी छुट्टी का आवेदन प्रोग्राम अधिकारी के द्वारा नहीं देने की बात कही है। मामले में श्री श्रीवास ने नीलम तिर्की को नोटिस जारी किया है। जब पत्थलगांव मनरेगा विभाग के प्रोग्राम अधिकारी नीलम तिर्की के नदारद रहने के संबंध में जिला सीईओ अभिषेक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस मामले में उन्हें किसी तरह की कोई जानकारी नहीं है।

## एसडीओ ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



**पत्थलगांव।** ग्राम आमाकानी से तिलडेगा अटल चौक जिसकी दूरी 2. 6 किलोमीटर है। पक्की डामर वाली सड़क बनाने स्वीकृति मिल चुकी है जिसपर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ सन्तोष पैकरा ने इंजीनियर के साथ आमाकानी के सड़क निर्माण स्थल का दौरा किया। उन्होंने इंजीनियर एवं सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए सड़क बनाने कहा है। सड़क बनाने में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सड़क को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण कार्य से बनाए जिससे ग्रामीण स्तर के आम जनों को ज्यादा लाभ मिल सके। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ सन्तोष पैंकरा ने बताया कि ग्राम आमाकानी से तिलडेगा अटल चौक 2.6 किलोमीटर सड़क निर्माण करने लगभग 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति शासन से मिल चुकी है जिसका गुणवत्तापूर्वक कार्य करने निर्देश दिए गए हैं।

## कुनकुरी का कुख्यात बदमाश गिरफ्तार, कोर्ट ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर पुलिस को उस वक्त बड़ी सफलता मिली, जब चोरी–लूट के 8 मामलों में फरार चल रहा स्थाई वारंटी और आदतन बदमाश अनीस खलखो आखिरकार कुनकुरी के धोबीपारा से पकड़ा गया। एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन अंकुश में यह एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी मानी जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कुनकुरी में दर्ज 2017 से अब तक के 8 आपराधिक प्रकरणों में आरोपी अनीस खलखो को पुलिस पहले भी गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी।जमानत मिलने के बाद से वह लगातार फरार था। कोर्ट ने कई बार पेशी के लिए नोटिस भेजे, लेकिन अनीस हर बार बचता रहा। अंततः अपराध क्रमांक 129/2019 (धारा 379, 34 भादवि) के मामले में माननीय न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी किया था।



### घेराबंदी कर घर से किया गया गिरफ्तार

मुखबिर और टेक्निकल टीम की सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि आरोपी अपने घर धोबीपारा में मौजूद है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव की टीम ने तुरंत घेराबंदी की और अनीस खलखो को वहीं से हिरासत में ले लिया। विधिसम्मत कार्रवाई के बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक राकेश कुमार यादव, प्रधान आरक्षक गोविंद यादव, आरक्षक भूपेंद्र यादव, आरक्षक रवींद्र प्रजापति, टीम की त्वरित कार्रवाई से ही आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो पाई।

## युवती से दुष्कर्म करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जशपुरनगर।** कुनकुरी क्षेत्र की एक युवती से दो-दो बार जबरन दुष्कर्म कर उसे धमकाने वाला आरोपी आखिरकार पुलिस की गिरफ्त से बच नहीं सका। मामले की गंभीरता देखते ही कुनकुरी पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए आरोपी दशरथ यादव उम्र 29 वर्ष को धरदबोचा और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।



थाना कुनकुरी में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 22 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि 22 जनवरी 2025 को वह मामा के घर से शाम 5 बजे लौट रही थी। इसी दौरान पूर्व परिचित तथा कांसाबेल क्षेत्र में रहने वाला आरोपी दशरथ यादव मोटरसाइकिल से आया। घर छोड़ने का भरोसा देकर उसने युवती को बाइक पर बैठाया, लेकिन रास्ते में सुनसान जगह ले जाकर जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म कर भाग गया। मामला यहीं नहीं रुका। 24 जनवरी को युवक ने फिर उसे बाजार में घेर कर बदनाम करने की धमकी दी और बाइक पर बैठने को मजबूर किया। इसके बाद दूसरी बार सुनसान स्थान में ले जाकर दुष्कर्म किया। इन घटनाओं से युवती गर्भवती हो गई, लेकिन सामाजिक डर की वजह से उसने किसी को नहीं बताया। इसी बीच घरवालों ने उसकी शादी किसी और युवक से कर दी। विवाह के छह माह बाद बच्ची के जन्म पर जब परिजन व पति ने पूछताछ की, तब पीड़िता ने सारी बात बताई। पीड़िता की रिपोर्ट मिलते ही कुनकुरी पुलिस हरकत में आई। प्रकरण को गंभीर मानते हुए बीएनएस की धारा 64(1), 69 एवं 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।


खाद्य उद्यमिता को सशक्त बनाने के लिए निफ्टेम टीम जिले के दौरे पर

## खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों का प्रसार कर खाद्य उद्यमियों के विकास को देंगे बढ़ावा

**जशपुरनगर।** हरियाणा के कुंडली स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान के 18 छात्रों और दो संकाय सदस्यों का एक समूह ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत जशपुर में तीसरे दौरे पर है। उनका लक्ष्य खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों का प्रसार करना, खाद्य क्षेत्र में उद्यमिता के अवसरों की पहचान करना और जशपुर जिले में खाद्य उद्यमियों के विकास को बढ़ावा देना है।

टीम ने आज कलेक्टर रोहित व्यास और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अभिषेक कुमार से मुलाकात कर जशपुर में अपने ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम के अगले नौ दिनों के कार्यकाल के लिए नियोजित विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की। कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने जिले में खाद्य प्रसंस्करण सुविधाओं और उनकी क्षमता निर्माण पहलों को बढ़ाने में निफ्टम द्वारा प्रदान की गई तकनीकी सहायता की सराहना की। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक कंपनियों, शिक्षित युवाओं और मोटा अनाज, महुआ और बागवानी उत्पादों के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन में पहले से लगे लोगों के ऊर्जावान और उत्साही सदस्यों को इसमें शामिल करने का सुझाव दिया। जशपुर में शासकीय सुविधाओं का उपयोग करके इन फसलों के मूल्य संवर्धन पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। निफ्टम, कुंडली के प्रोफेसर प्रसन्न कुमार जीवी के नेतृत्व में टीम जशपुर और कुनकुरी ब्लॉकों में क्षमता निर्माण गतिविधियाँ शुरू करने के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के अवसरों की भी खोज करने की योजना बना रही है। वे विभिन्न मूल्यवर्धित मोटा अनाज उत्पादों, जैसे नान खटाई, मफिन, डोनट्स और न्यूट्रिशन बार के उत्पादन पर केंद्रित पाँच व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। प्रशिक्षण में पैकेजिंग, लेबलिंग, लाइसेंसिंग और नियामक आवश्यकताओं को भी शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बाजारों के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर विचार साझा करेगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लाभार्थियों को मूल्यवर्धित बाजरा उत्पादों से जुड़े आपूर्ति श्रृंखला पहलुओं की व्यापक समझ प्राप्त हो। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण गतिविधियां कल से शुरू होंगी, जिसके बाद जशपुर और कुनकुरी स्थित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में एफपीसी सदस्यों और कॉलेज के छात्रों के लिए सत्र आयोजित किए जाएंगे। टीम को जशपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन प्रबंधक विजय शरण प्रसाद और जय जंगल किसान उत्पादक कंपनी के निदेशक श्री समर्थ जैन का सहयोग प्राप्त है। वीएपी, निफ्टेम का प्रमुख कार्यक्रम है और इस पहल को निफ्टेम के निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय द्वारा सक्रिय रूप से प्रोत्साहित और निर्देशित किया जा रहा है।







# पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

लाइफ Style



# सारा
## देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान

2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर सेंसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

हॉलीवुड मसाला



# टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवाड्र्स' में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।





# अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



# बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



# एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

टीवी मसाला

# विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में


**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

## अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

# 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

### इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह




### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

# अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

## अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

# पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका

भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले को दर्शक पहचान लेते हैं।



## खबर संक्षेप




### जल शक्ति जन भागीदारी अभियान 1.0 अंतर्गत जिले को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दी गई 25 लाख रूपये की पुरस्कार राशि

**सूरजपुर।** नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आज आयोजित छठवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार व जल संचय जनभागीदारी पुरस्कार वितरण समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू व मंत्री जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार सीआर पाटिल द्वारा जल शक्ति जन भागीदारी अभियान 1.0 के अंतर्गत सूरजपुर जिले को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 25 लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। जल शक्ति जन भागीदारी अभियान 1.0 जल संचय संरचना निर्माण तथा उनका डाटा बेस तैयार करने हेतु एक सफल अभियान है, जिसके अंतर्गत जिले के पूर्वी क्षेत्र की केटेगरी तीन में बारहवां रैंक हासिल किया है। कलेक्टर एस जयवर्धन के नेतृत्व व जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की गई है। पुरस्कार जिले से जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता अरुण कुमार मिश्रा द्वारा ग्रहण किया गया।

### नेशनल गेम में जिले में संचालित पीएम श्री एकलव्य विद्यालयों के छात्रों का रहा दबदबा




**सूरजपुर।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर, ओड़गी. प्रतापपुर एवं प्रेमनगर के छात्रों ने ओडिशा के सुंदरगढ़ में राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा सनिति द्वारा आयोजित चौथी राष्ट्रीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 गोल्ड 7 सिल्वर 9 ब्रॉन्ज हासिल किया। 11 से 15 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 7 हजार छात्रो ने भाग लिया। जिसमें जिले के एकलव्य विद्यालयों से 51 छात्रों ने भाग लिया। जिले के 10 छात्र एकलव्य शिवप्रसादनगर से विवेक, उमेश, अखिलेस, उमेश सिंह, एकलव्य ओडगी से सुमित्रा सिंह, अमन सिंह, एकलव्य प्रतापपुर से प्रवीण पैकरा, भारत पैकरा तथा एकलव्य प्रेमनगर से ईशिका सिंह, शिवकुमारी ने गोल्ड प्राप्त किया। 7 छात्र एकलव्य शिवप्रसादनगर से देवप्रसाद, एकलव्य प्रतापपुर से राजेन्द्र तथा एकलव्य प्रेमनगर से प्रियांशी सिंह, आनंदी सिंह, अनिलाषा पैकरा, कृति सिंह सोनिया सिंह ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसी कड़ी में 9 छात्र एकलव्य शिवप्रसादनगर से अभिमन्यु, संजु आर्यन एवं अजय, एकलव्य प्रतापपुर से आरती, सोनिया, मुस्कान तथा एकलव्य प्रेमनगर से प्रभा पण्डो, बृहस्पतिया सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश रनर-अप रहा। खेल समापन समारोह के दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने छत्तीसगढ़ दल को ट्रॉफी प्रदान की। इस उपलब्धि पर कलेक्टर एस जयवर्धन एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास घनश्याम सिंह एवं संस्था के प्राचार्यों, शिक्षकों ने पूरी टीम की उज्वल भविष्य की कामना की।

### कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए युवक की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। कोरिया अंतर्गत खड़गवां निवासी राज बहादुर सिंह (38 वर्ष) गत दिन अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को खड़गवां अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## मानी चौक से पोड़ी रोड तक सड़क के दोनों ओर वाहनों का कब्जा

# मानी मार्ग पर आए दिन दुर्घटना होने से नाराज बजरंग दल सहित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम


प्रदर्शन करते क्षेत्र के लोग।


दुर्घटना में मृत मवेशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

मानीचौक से पोड़ी रोड तक की सड़क के दोनों ओर वाहनों के कब्जा जमा लेने से अब क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। आलम यह है कि सड़क की दोनों ओर खड़े वाहनों की कतार से न सिर्फ राहगीरों को आवागमन करने में दिक्कत होती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। बीती रात भी वाहन की चपेट आने से एक मवेशी की मौत हो गई। इधर आए दिन हो रही दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने आंशिक रूप से मार्ग पर चक्का जाम कर दिया हालांकि कुछ घंटे बाद पुलिस की समझाइश के बाद चक्का जाम समाप्त कर दिया गया। लोगों ने सड़क किनारे खड़े वाहनों को व्यवस्थित करने तथा तेज रफतार वाहनों पर अंकुश लगाने ब्रेकर की मांग की।

**खास बात**
- सड़क किनारे कतार में खड़े ट्रकों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र के ग्रायत्री, केतकी व आमगांव खदान में ट्रांसपोर्टरों के बड़ी संख्या में ट्रेलर, ट्रक व हाइवा कोयला लोड करने में लगे है। ऐसे में अधिक ट्रिप लगाने में चालकों के बीच प्रतिस्पर्धा लगी रहती है जिससे ट्रांसपोर्ट संचालक अपनी वाहनों को मानी चौक से लेकर पोड़ी रोड तक सड़क किनारे खड़ा कर देते है। मानीचौक से पोड़ी रोड के सड़क दोनों ओर ट्रांसपोर्टरों का कब्जा जमा लिया है जो सड़क के दोनों ओर ट्रकों को खड़ा करके बिल्टी, पेपर के नाम पर रात दिन खड़ा करके रखे रहते है जिसके हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि इनके लिए पार्किंग नहीं है लेकिन पार्किंग में खड़ा न कर सड़क किनारे वाहनों को खड़ा कर घूमते रहते है। सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के संबंध में पूर्व में भी यातायात प्रभारी से शिकायत किया गया परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से चालक समेत ट्रांसपोर्ट संचालकों के हौसले बुलंद है। बीती रात एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। इधर मार्ग में आए दिन दुर्घटनाएं होने से बजरंग दल के कार्यकर्ता सहित क्षेत्र के लोग न सिर्फ आक्रोशित हुए बल्कि चक्का जाम कर दिया। इधर चक्का जाम की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश दी जिसके बाद लोगों ने लगभग तीन घंटे बाद चक्का जाम समाप्त किया।

### आए दिन होती है दुर्घटना

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री, केतकी, आमगांव में लगे कोयला वाहन अपनी स्पीड पर काबू नहीं रखते जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है। बीती रात भी तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मवेशी की मौत हो गई। इससे पूर्व भी कोयला लोड एक ट्रक के चालक ने दूसरे ट्रक को सामने से टक्कर दी थी जिससे चालक घायल हो गया था। इस प्रकार की घटनाएं आए दिन होती रहती है।

### लोगों ने की ब्रेकर बनाने की मांग

मार्ग में बड़ी संख्या में भारी वाहन आवागमन करते है। ऐसे में सड़क की दोनों तरफ ट्रकों के खड़ा होने से न सिर्फ सड़क संकरी हो जाती है बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। बीती रात चक्का जाम कर रहे लोगों ने मार्ग से तेज रफ्तार में आने जाने वाले वाहनों पर अंकुश लगाने मार्ग पर ब्रेकर बनाने तथा सड़क किनारे खड़े वाहनों को व्यवस्थित करने की मांग की है।

### तत्काल बनाएं मिट्टी का ब्रेकर

तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने तत्काल मिट्टी का ब्रेकर बनाया जाएगा। पक्का ब्रेकर के लिए एक सप्ताह का समय लग सकता है।

-**जेडी सिंह**, गायत्री खान प्रबंधक

## कॉलोनी क्षेत्र में भारी वाहनों से कोयला परिवहन पर रोक लगाने एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर कॉलोनी के शांत माहौल में पिछले कई महीनों से ओवरलोड कोयला ढोने वाले भारी-भरकम ट्रिपर और ट्रेलर के आवागमन से लोगों को परेशानी हो रही है, इसी गंभीर समस्या को लेकर एनएसयूआई के प्रदेश सचिव ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र ही कॉलोनी क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही रोकते हुए नो-एंट्री एरिया करने की मांग की है।

- स्कूल टाइम पर कॉलोनी रूट में नो एंट्री एरिया करने की रखी गई मांग

एनएसयूआई द्वारा कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि एसईसीएल की आमगांव, केतकी, रेहर और गायत्री खदानों से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रिपर और ट्रेलर ओवरलोड कोयला लेकर एसईसीएल कॉलोनी के मुख्य मार्ग से गुजरते हैं,यह सड़क सिर्फ एक रास्ता नहीं,बल्कि हजारों लोगों की रोजमर्रा की धड़कन है,दिनभर घरों के सामने से गुजरते इन विशाल वाहनों की गड़गड़ाहट और धूल हवा को प्रदूषित करती है और दुर्घटना का खतरा हमेशा सिर पर मंडराता रहता है,कॉलोनी के इसी एकमात्र मुख्य मार्ग पर कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल, आत्मानंद स्कूल, सरकारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल,स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल जैसे शैक्षणिक संस्थान में प्रतिदिन छोटे बड़े स्कूली बच्चों व अभिभावकों को आवागमन करना पड़ता है,स्कूल खुलने और छुट्टी के समय यह सड़क बच्चों से भरी होती है और उसी दौरान ओवरलोड कोयला वाहनों की तेज रफ्तार हर परिवार को डर में जीना पड़ रहा है,सड़क पर धूल की इतनी परत जम जाती है कि घरों की बालकनी तक काली राख बिछ जाती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पिछले वर्ष इन्हीं ओवरलोड ट्रेलर, ट्रिपर वाहनों की वजह से एसईसीएल कॉलोनी में 3–4 युवकों की दर्दनाक मौत हो चुकी है।एनएसयूआई प्रदेश सचिव ने कलेक्टर से मांग की है कि स्कूलों के समय पर भारी वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगाई जाए, एसईसीएल कॉलोनी मार्ग से ओवरलोड ट्रिपर ट्रेलर का प्रवेश तत्काल बंद किया जाए, वैकल्पिक मार्ग का उपयोग अनिवार्य किया जाए,सड़कों की मरम्मत और धूल नियंत्रण के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं।

## महप्रबंधक कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का किया गया समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ,कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति के सभी सदस्य, सभी विभागाध्यक्ष कर्मचारी एवं श्रमिक साथीउपस्थित रहे।

- भ्रष्टाचार से लड़ने की दिलाई गई शपथ

18 अगस्त से 17 नवम्बर 2025 तक चले तीन महीने के इस अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम जैसे डीएवी विद्यालय के बच्चों के द्वारा हिन्दी वाद विवाद,प्रश्नोत्तरी एवं नुक्कड़ नाटक तथा विभागीय कर्मचारियों द्वारा एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर सतर्कता जागरूकता का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही सामान खरीदी प्रक्रिया एवं विभागीय जाँच प्रक्रियाओं पर कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। नोडल अधिकारी केएल भील ने समापन समारोह कार्यक्रम का संचालन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में भ्रष्टाचार को जड़ से ख़त्म करने के लिए समाज, सरकार एवं सभी नागरिकों को मिलकर काम करने का आव्हान किया। जिससे देश के विकास में उत्तरोत्तर प्रगति होती रहे। पुरस्कार वितरण क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं महाप्रबंधक संचालन ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सीएमओआई के क्षेत्रीय सचिव अमरेंदर नारायण ने किया।



### कार्यक्रम में गिनती के अधिकारी और डीएवी के बच्चे ही रहे उपस्थित

महाप्रबंधक कार्यालय प्रांगण में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन कार्यक्रम में महज औपचारिकता दिखी, अब इसे प्रचार प्रसार का अभाव कहा जाये या नाममात्र हाजिरी के लिए प्रबंधन की आयोजन के प्रति दिखती बेरुखी। मंगलवार की सुबह आयोजन स्थल पर लगी अधिकतर कुर्सियां खाली दिखी। क्षेत्र के सिर्फ पांच से छह गिने चुने अधिकारी और डीएवी स्कुल के दर्जन भर बच्चे ही इस आयोजन में उपस्थित रहे, जिन्हें भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने की महाप्रबंधक ने शपथ दिलाई। सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम क्षेत्र में कब शुरू हुआ और कब समापन इसकी भनक कई क्षेत्रीय अधिकारियों और कर्मचारियों तक को भी नहीं लग पाई, ऐसे में प्रबंधन की सतर्कता अभियान के प्रति गंभीरता के रुख पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### खड़ी बस से टकराई बाइक, ग्रामीण गंभीर

**सोनगरा।** बहन के घर से लौट रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी बस से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। बंशीपुर निवासी राजमल सिंह बाइक से अपनी बहन के यहां गया था। बहन के ससुराल तुलसी गांव से मंगलवार की सुबह घर लौट रह था। जैसे ही बाइक सवार सोनगरा सोसायटी के समीप पहुंचा तभी राजमल अपनी बाइक से नियंत्रण खो बैठा, जिससे बाइक पास खड़ी एक बस से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख सोनगरा के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल घायल सोनगरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर, 76 को लगे हाथ-पांव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच व भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति झारखण्ड के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन संस्कृति शाखा द्वारा किया गया। जिसमें पैर, हाथ के साथ कैलिपर्स, बैसाखी, छड़ी, कान की मशीन का वितरण मंच की ओर किया गया।

14 नवम्बर को प्रारंभ हुए शिविर में लगभग 100 से ऊपर दिव्यांगों का पंजीयन किया गया, जिसमें 63 को पैर, 13 को हाथ तथा 5 को कैलिपर्स लगाए गए। मंच के अध्यक्ष सुमित मित्तल व शिविर के संयोजक विकास जैन ने बताया कि स्थानीय अग्रोहा भवन में आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से संस्था के सदस्यों ने दिव्यांगों का पंजीयन कर उनके पैर व हाथों का माप लिया और स्थल पर ही जयपुर फूट बनाकर प्रदान किए गए। जिसमें जिले के साथ कोरिया, सरगुजा, जशपुर व बलरामपुर जिले के दिव्यांग शिविर का सीधा लाभ लिया। शिविर को सफल बनाने में मंच के सुनील अग्रवाल, मुकेश गर्ग, अंकुर गर्ग, स्वयं गोयल, गौरिश जिंदल, संस्कार अग्रवाल, यश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल सहित संस्कृति शाखा की प्रज्ञा अग्रवाल, लहर मित्तल सहित दोनों शाखाओं के सदस्य सक्रिय थे। नगर के मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एसआरपीआर के संचालक राहुल अग्रवाल व हॉस्पिटल की टीम सक्रिय रहे। मारवाड़ी युवा मंच के लोगों ने कहा कि हाथ व पैरों के लिए वे आर्थिक रूप से कमजोर हैं और बाहर जा पाने में असमर्थ हैं तथा कई-कई वर्षों से राह देख रहे थे। जब उन्हें शिविर की जानकारी मिली तो वे शिविर में पहुंचकर निःशुल्क पैर व हाथ का माप देकर वहीं पर बनने की प्रक्रिया देखी और शरीर के उक्त अंग को प्राप्त करने के बाद कई के आंखों से भी खुशी के आंसू थे। अनेक दिव्यांग व उनके परिजनों ने मंच के इस जनसेवी कार्य की सराहना की।

### बैसाखी व दूसरे के सहारे आए लोग खुद चलकर गए

शिविर के दौरान पहले दिन का आलम यह था कि दिव्यांग या तो बैसाखी के सहारे आए थे या फिर उनके परिजन उन्हें ढोकर लाए थे और जब उनके पैरों का माप हुआ और चलकर बिना किसी सहारे के गए तो उनका आत्मविश्वास भी देखते ही बनता था। अनेक दिव्यांग ने तो दो दिन तक उनको लगे पैरों पर स्थल में ही चलकर अपने आपको मजबूत भी किया व बिना बैसाखी व बिना सहारे के सड़क पर भी जाकर चहल कदमी की।

## शहर में हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता कांग्रेस टीम रखेगी पैनी नजर





**अंबिकापुर।** शहर में चल रहे डामरीकरण सहित अन्य निर्माण कार्यों के गुणवत्ता की निगरानी के लिए पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के निर्देश पर जिलाध्यक्ष कांग्रेस बाल कृष्ण पाठक ने निगरानी दल का गठन किया है। पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की की अध्यक्षता में 10 निगरानी दलें गुणवत्ता का जायजा लेंगी। बता दें कि हाल ही में निगम द्वारा नेहरू वार्ड एवं सत्तीपारा वार्ड में बनाये जा रहे सड़क की घटिया गुणवत्ता का मामला सामने आने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर निगरानी दलों का गठन किया गया है।

- पूर्व डिप्टी सीएम के निर्देश पर 10 निगरानी दलों का गठन

इस दल को ननि, पीडब्ल्यूडी सहित राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा शहर के दायरे में कराए जा रहे सभी कार्यों में गुणवत्ता पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर में गठित किए गए 10 निगरानी और निरीक्षण दल की सूची इन सभी विभागों को औपचारिक तौर पर दे दी है। सत्तीपारा क्षेत्र में घटिया सड़क निर्माण का मामला सामने आने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा है कि सड़कों का निर्माण आम जनता द्वारा अदा किए गए कर से उनकी सुविधा के लिए हो रहा है। ऐसे में अगर खराब माल से सड़कों का निर्माण हो रहा है तो इसके लिये जवाबदेह लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिये। इस घटिया सड़क को बनाने वाले ठेकेदार को तुरंत ब्लैकलिस्ट करना चाहिये। आमजन के पैसे से बनने वाली सड़क की गुणवत्ता अगर निगम सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही उन्होंने अम्बिकापुर शहर की खराब सड़कों के सुधार में हो रहे विलंब को लेकर यह कहा कि राष्ट्रपति महोदया का अंबिकापुर आगमन हो रहा है, इसे देखकर मात्र उन सड़कों का सुधार हो रहा है जहां से वे गुजरेंगी। वे देश की प्रथम नागरिक हैं। उनके मान-सम्मान में कोई कमी नहीं होना चाहिए लेकिन साथ ही नागरिकों के मान-सम्मान में भी कमी नहीं होना चाहिये। मौसम खुल गया है, ऐसे में एक जगह निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकता है तो नागरिकों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए सभी जगहों पर कार्य करने की प्राथमिकता होनी चाहिये। निर्माण कार्यो के गुणवत्ता के गठित इन निगरानी दलों के अध्यक्ष डॉ. अजय तिर्की ने कहा है कि हमारा उद्देश्य पब्लिक मनी से हो रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने में संबंधित विभागों का सहयोग करने का है। निर्माणकार्य में संबंधित लोगों के गठबंधन के कारण प्रभावित होने वाली गुणवत्ता पर हम निगरानी रखेंगे।

## सांसद चिंतामणि ने सेजेस ब्रम्हपारा में छात्राओं को वितरण किया साइकिल

**अम्बिकापुर।** सेजेस ब्रम्हपारा में मंगलवार को सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा सरस्वती साइकिल वितरण योजना अंतर्गत विद्यालय के 9वीं कक्षा की 16 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रवेश द्वार पर सांसद को परम्परा अनुसार माथे पर तिलक लगा कर, पुष्प वर्षा एवं आरती द्वारा स्वागत किया।

मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य द्वारा सांसद, पार्षद राहुल त्रिपाठी,एसएमडीसी अध्यक्ष उमेश अग्रवाल व एसएमडीसी उपाध्यक्ष किंजलक किशोर पाण्डेय का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। स्वागत पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सांसद चिंतामणि महाराज ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के साथ संस्कारों पर ध्यान देने हेतु विशेष जोर दिया, समाज में आने वाली तमाम विकृतियों की वजह संस्कारों में कमी को भी बताया व उनके द्वारा शिक्षक व पालक द्वारा संस्कारों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस बीच सांसद के प्रथम आगमन पर विद्यालय द्वारा स्मृति चिन्ह भेट किया गया व संस्था के मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आग्रह किया गया जिसमें क्रीडांगन हेतु स्थल आबंटन, शेड निर्माण, साइकिल स्टैंड निर्माण के साथ ही साथ संस्था में वाटर कूलर, एसी, फोटोकॉपी मशीन, प्रिंटर, स्मार्ट बोर्ड इत्यादि सामग्रियों की मांग की गई।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क्यू / रीडर-1/2025
बगीचा, दिनांक 12.11.2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पंचायत टटकेला ग्राम अम्बाडांड तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार पिता कृष्ण कुमार जाति अग्रवाल निवासी ग्राम बगीचा तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम अम्बाडांड प.ह.नं. 30 में स्थित खसरा क्रमांक 9/2 रकबा 0.210 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि रजिस्ट्री बैनामा के माध्यम से प्राप्त हुई है। आवेदक उक्त भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उका भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उक्त भूमि का बी-1, रजिस्ट्री बैनामा, की छायाप्रति संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 26.11.2025 को न्यायालयीन समय प्रात: 10:30 बजे से सायं 5:30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अत: इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो यह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय को पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी-बगीचा
जिला जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क्यू / रीडर-1/2025
बगीचा, दिनांक 12.11.2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पंचायत बुढाहाड तहसील बगीचा जिला- जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार अग्रवाल पिता रामेश्वर दास अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम बगीचा तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम बुढाडांड प.ह.नं. 30 में स्थित खसरा क्रमांक 324/3 रकबा 0218 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि रजिस्ट्री बैनामा के माध्यम से प्राप्त हुई है। आवेदक उक्त भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उक्त भूमि का बी-1, रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनाक 26.11.2025 को न्यायालयीन समय प्रात: 10.30 बजे से सायं 5.30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा) बगीचा व न्यायालय में होना नियत किया गया है। अत: इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दाबा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा /आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12.11.2025 हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी-बगीचा
जिला जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क्यू / रीडर-1/2025
बगीचा, दिनांक 12.11.2025

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पंचायत सरपकोम्बो ग्राम कुहापानी तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार पिता कृष्ण कुमार जाति अग्रवाल निवासी ग्राम बगीचा तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कुहापानी प.ह.नं. 30 में स्थित खसरा क्रमांक 70/1 रकबा 0.304 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में हर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि रजिस्ट्री बैनामा के माध्यम से प्राप्त हुई है। आवेदक उक्त भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपपर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उक्त भूमि का बी-1, रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनाक 26.11.2025 को न्यायालयीन समय प्रात 10:30 बजे से सायं 5:30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अत: इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी-बगीचा
जिला जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क्यू / रीडर-1/2025
बगीचा, दिनांक 12.11.2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पंचायत रायकेरा तहसील बगीचा जिला- जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार अग्रवाल पिता रामेश्वर जाति अग्रवाल निवासी ग्राम बगीचा तहसील बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम रायकेरा प.ह.नं. 27 में स्थित खसरा क्रमांक 94/12 रकबा 0.110 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि रजिस्ट्री बैनामा के माध्यम से प्राप्त हुई है। आवेदक उक्त भूमि को कृषि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उक्त भूमि काबी-1, रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 26.11.2025 को न्यायालयीन समय प्रात: 10.30 बजे से सायं 5.30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अत: इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी-बगीचा
जिला जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक /Q/ रीडर-1/2025
बगीचा, दिनांक 12.11.2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पंचायत भीतघरा तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक रवि कुमार अग्रवाल पिता कृष्ण कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम बगीचा तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम भीतघरा प.ह.नं. 25 में स्थित खसरा क्रमांक 819/13 रकबा 1.780 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि रजिस्ट्री बैनामा के माध्यम से प्राप्त हुई है। आवेदक खसरा नं. 819/13 रकबा 1.780 हे. भूमि में से रकबा 2.00 एकड़ भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराना चाहता है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उक्त भूमि का बी-1, रजिस्ट्री बैनामा, की छायाप्रति संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 26.11.2025 को न्यायालयीन समय प्रात: 10.30 बजे से सायं 5.30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अत: इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 12.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी-बगीचा जिला जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**
क्रमांक /Q/ रीडर-1/2025
बगीचा, दिनांक 12.11.2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पंचायत रमसमा तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेरम्भ यादव पिता गणेश यादव जाति महकुल सा. रमसमा तहसील बगीचा जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम रमसमा प.ह.नं. 41 में स्थित खसरा क्रमांक 488 रकबा 1.287 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक को उक्त भूमि रजिस्ट्री बैनामा दान पत्र के माध्यम से प्राप्त हुई है। आवेदक उक्त कृषि प्रयोजन से व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन कराना चाहती है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित करने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ उक्त भूमि का बी-1, रजिस्ट्री बैनामा, की छायाप्रति संलग्न है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 26.11.2025 को न्यायालयीन समय प्रात: 10.30 बजे से सायं 5.30 तक स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बगीचा के न्यायालय में होना नियत किया गया है। अत: इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी-बगीचा
जिला जशपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### प्रियंका सिखा रहीं समस्या समाधान कौशल

**कटेली।** सारंगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में पदस्थ राज्य शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी निर्धारित शैक्षिक लक्ष्य के लिए समस्या समाधान कौशल का हुनर प्राथमिक कक्षा के बच्चों को सिखाती रहीं हैं राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के तहत, प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी शैक्षणिक लक्ष्य समस्या समाधान कौशल पर पूर्ण समर्पण से कार्य करती रहीं हैं, जिसमें विद्यार्थियों में रटने के बजाय आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता, आत्मविश्वास, टीम वर्क को बढ़ावा देना शामिल है। शिक्षिका जीवन के सभी पहलुओं में चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने, बेहतर निर्णय लेने और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए बच्चों को तैयार कर रहीं हैं। समस्या समाधान कौशल विद्यार्थियों के लिए अति महत्वपूर्ण हैं, समस्या समाधान कौशल आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं, जो नए विचारों को जन्म देती है और सफलता के लिए आवश्यक है।

### मानवीय मूल्यों, शिक्षा समाजिक जागरूकता

**राउरकेला।** म्युनिसिपल कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन प्रोफेसर हरिहर दास ने कीए जबकि रघुनाथपल्ली विधायक दुर्गा प्रचारत तांती मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व प्रिंसिपल डॉण सनातन प्रधान विशिष्ट अतिथि रहे और उन्होंने सम्मेलन के उद्देश्य व इसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि दुर्गा तांती ने मानवता, वसुधैव कुटुंबकम और राष्ट्रहित में समर्पण की भावना को शिक्षा का मूल आधार बताया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सामाजिक उत्तरदायित्व समझने की आवश्यकता है।

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा परिणाम घोषित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आबकारी विभाग में आबकारी आरक्षकों के पदों पर सीधी भर्ती के लिए 27 जुलाई 2025 को आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जारी वरीयता सूची में शामिल रायगढ़ जिले के सभी अभ्यर्थियों को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने हेतु शीघ्र संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थी कलेक्टोरेट रायगढ़ के कक्ष क्रमांक-66 स्थित सहायक आयुक्त, आबकारी कार्यालय में जल्द से जल्द उपस्थित होकर आगे की औपचारिकताएँ पूर्ण कर सकते हैं।

### वृद्धाश्रम में जागरूकता शिविर का आयोजन

**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ न्यायाधीश एवं सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार के नेतृत्व में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के मुख्य प्रावधानों के संबध में वृद्धाश्रम रायगढ़ में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

## पेज 1 का शेष

### अवैध धान परिवहन...

भी प्रकार के वैध दस्तावेज नहीं थे। वाहन में लदे लगभग 120 बोरी धान सहित वाहन को जब्त कर लोदाम थाना में सुपुर्द किया गया। फूड इंस्पेक्टर को प्रकरण बनाने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर श्री व्यास ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध धान के परिवहन, भंडारण एवं बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्तियों एवं वाहन मालिकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने पंजीकृत किसानों से अपील की है कि वे अपना धान केवल अधिकृत समर्थन मूल्य धान खरीदी केंद्रों में ही विक्रय करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें।

---

### तमता समिति में धान खरीदी का शुभारंभ

# धान बेचने आए किसानों का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



पत्थलगांव विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत तमता के सहकारी समिति में बुधवार को धान खरीदी की शुभारंभ किया गया जिसमें ग्राम पंचायत कोड़केल खजरी के किसान मधु कुबेर गुप्ता ने सीजन का पहला टोकन कटाया था जिसमें किसान खुद अपने मोबाइल से टोकन तूहर हाथ ऐप के माध्यम से बुधवार दिन का टोकन लिया था।

समिति में सरपंच संघ के अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह के द्वारा किसान का फूल माला पहना कर सम्मानित किया और समिति में काटा तराजू की विधि विधान से पूजा पाठ कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। वही पूजा पाठ के पश्चात किसानों को प्रसाद की भी वितरण किया गया। किसान मधु कुबेर गुप्ता ने बुधवार को 110 क्विंटल धान लिए हुवे थे जहां समिति के कर्मचारियों द्वारा नियम से धान का नमी एवं प्रकार जांच कर धान लिया गया। समिति के प्रबंधक हजारी लाल ने बताया कि केंद्र में प्रयाप्त मात्र में बार दाने, एवं किसानों को मिलने वाला मूलभूत सुविधाओं को मद्दे नजर रखते हुए सभी तैयारी कर चुके हैं और आज से किसानों का धान भी आना शुरू हो गया है। इस मौके पर सरपंच संघ के अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह, शैलेश शर्मा, प्राधिकृत अध्यक्ष रविशंकर पैकरा, निधि प्रसाद, मानस बंजारा, अंकित नंदे एवं भारी संख्या में किसान मौजूद थे।

### 5 थानेदार हुए स्थानांतरित 2 सायबर सेल में पदस्थ

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा 5 निरीक्षकों का स्थानांतरण कर नई पदस्थापना आदेश जारी किया गया है। निरीक्षक मोरध्वज देशमुख को प्रभारी सायबर सेल से थाना प्रभारी सिटी कोतवाली जशपुर, निरीक्षक संतलाल आयाम को थाना प्रभारी बगीचा से सायबर सेल जशपुर, निरीक्षक गौरव पांडेय को रक्षित केंद्र जशपुर से थाना प्रभारी बगीचा, निरीक्षक जितेन्द्र ताम्रकार को रक्षित केंद्र जशपुर से थाना प्रभारी कांसाबेल, निरीक्षक अमित तिवारी को रक्षित केन्द्र जशपुर से सायबर सेल जशपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह स्थानांतरण पुलिस के कार्यों में गति लाने, बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने, सायबर अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने साथ नागरिकों को अधिक प्रभावी पुलिस सेवाएं प्रदान करने हेतु किया गया है।





# जिला शिक्षा अधिकारी ने ली शिक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मनोरा शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओं के सुव्यवस्थित संचालन एवं कसावट के लिए जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर ने ज्योति कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला घाघरा, मनोरा के सभा कक्ष में प्रधान पाठकों प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला तथा सभी संकुल समन्वयकों की बैठक ले कर शासकीय योजना के अनुरूप अपार आईडी बनाने हेतु शाला में अध्ययनरत छात्रों का दिनांक 30 नवंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, शालाओं में अध्ययनरत पात्र छात्रों का जाति प्रमाण पत्र शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही तथा दिशा निर्देश दिया गया,एवं प्रधान मंत्री पोषण योजना के तहत विकास खंड मनोरा में समस्त शालाओं में मध्यान्ह भोजन का सुव्यवस्थित संचालन हेतू बैठक में उपस्थित विकास खंड के सभी स्व सहायता समूहों को निर्देश तथा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही बैठक में छात्रवृत्ति सीजी वीएसके मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन तथा ऑनलाइन उपस्थिति किए जाने के निर्देश दिए गए।उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से अच्छा भोजन मिले इसलिए सभी शालाओं में अनिवार्यतःकिचन गार्डन बनाने एवं अधिक से अधिक न्यौता भोज करवाने हेतू निर्देश दिए। अंत में विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोरा तरूण कुमार पटेल ने जिला शिक्षाधिकारी को धन्यवाद देते हुए उनके मार्गदर्शन का अक्षरशः पालन करने की बातें कह सभी शिक्षकों को उपरोक्तानुसार कार्य करते की बातें कहे।

# कुड़ेकेला के अमरदीप स्कूल में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



**कुड़ेकेला।** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कुड़ेकेला के अमरदीप स्कूल में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ दिलवाकर की गई, जिसमें सभी ने अपने घर, विद्यालय और समाज को स्वच्छ बनाए रखने तथा दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। शपथ के उपरांत विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया गया। शिक्षकगण, छात्र छात्राएं और कर्मचारीगण सभी ने मिलकर वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय योगदान दिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री खेस सर ने कहा कि श्स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों ने भी संकल्प लिया कि वे विद्यालय के साथ साथ अपने घरों और मोहल्लों में भी स्वच्छता के महत्व को समझेंगे और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करेंगे।

# बासनताला स्कूल में नशा मुक्ति की ली शपथ






**जशपुरनगर।** नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्राचार्य विनय प्रभा खलखो के मार्गदर्शन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद रईसुल हसन खान द्वारा विद्यालय के स्वयं सेवकों सहित सभी छात्रों एवं कर्मचारियों को 18 नवंबर को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई, रैली निकाली गई।

यह रैली विद्यालय से निकलकर गोद ग्राम मिर्धाडांड़, बाजार, गली, मोहल्ला होते हुए पुनः विद्यालय वापस आई। रैली में विद्यार्थियों द्वारा बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ नशा मुक्ति पर नारे एवं पूर्ण नशा मुक्ति हेतु बेहतरीन गाने गाए गए तथा ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। रैली में विद्यार्थियों के साथ व्याख्याता ब्लारमी तिर्की, सुमति चौहान, संदीप मिंज, पंकज टोप्पो, ममता टोप्पो,रेशमा मिंज सहित संस्था के अन्य कर्मचारी शामिल थे। मोहम्मद रईसुल हसन खान ने कहा कि, सड़क में होने वाले दुर्घटनाओं, दुर्घटनाओं से होने वाली मौत, सामाजिक अपराध, परिवार में कलहपूर्ण माहौल,परिवार की तबाही, किडनी, लीवर खराब होने, कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियों सहित विभिन्न जानलेवा बीमारियों का सबसे बड़ा कारण नशा है, इसलिए राष्ट्रीय सेवा योजना के थीम में नशा मुक्ति अभियान को विशेष स्थान दिया गया है, तथा आयोजित किए जाने वाले विशेष शिविर में एकांकी,रैली, नारों एवं गानों के माध्यम से तथा नियमित गतिविधि के अंतर्गत शिक्षा सत्र में कई बार नशा मुक्ति रैली एवं नारों के माध्यम से नशा मुक्त समाज बनाने का प्रयास किया जा रहा है। खान ने कहा कि, ईश्वर ने हमें बुद्धिजीवी बनाया है, इसलिए हम नशीले पदार्थों के सेवन में अपने पैसे को लगाकर अपनी ही जिंदगी बर्बाद न करें।



### कैरियर गाइडेंस महोत्सव 21 और 22 नवंबर को

**रायगढ़।** प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर कैरियर निर्माण की दिशा में राज्य शासन द्वारा लगातार प्रभावी पहलें की जा रही हैं। इसी क्रम में रायगढ़ जिले में आगामी 21 नवम्बर शुक्रवार और 22 नवंबर शनिवार को एक भव्य और प्रेरणादायी आयोजन का साक्षी बनने बनेगा, जब देश के ख्यातिप्राप्त मोटिवेशनल स्पीकर एवं कैरियर गुरु आनंद कुमार जिले के हजारों विद्यार्थियों और युवाओं से रूबरू होंगे। यह आयोजन प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के विशेष पहल से आयोजित किया जा रहा है। विशाल कैरियर गाइडेंस सेशन 21 नवम्बर को रायगढ़ के रामलीला मैदान में और 22 नवंबर को पुसौर के इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में होने जा रहा है। आयोजन स्थल पर प्रवेश पूर्ण निःशुल्क है।

# संकल्प के बच्चों ने किया थाने का भ्रमण



**जशपुरनगर।** पुलिस विभाग के द्वारा चलाए जा रहे बाल सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत तीसरे दिन संकल्प शिक्षण संस्थान के कक्षा नवी के बच्चों ने सिटी कोतवाली का भ्रमण किया इसमें बच्चों को राइफल्स, मशीनगन, बुलेट्स, अश्रु गैस आदि की जानकारी दी गई बच्चों ने इसकी प्रदर्शनी भी देखी और कोतवाली के अंदर डी एस पी चंद्रशेखर परमा के द्वारा बच्चों को माल खाना, महिला बंदीगृह ,पुरुष बंदी गृह, कब एक स्टार, कब दो स्टार, कब तीन स्टार पुलिस की वर्दी पर लगाये जाते हैं और उनका रैंक क्या होता है उनके पोस्ट का नाम क्या होता है और किस तरह से एफ आई आर दर्ज होती है और कब एफ आई आर करनी चाहिए, इन सारी बातों की जानकारी दी।

बच्चों द्वारा कई तरह के प्रश्न भी उनसे किया गया।बच्चों के जिज्ञासा का समाधान भी डीएसपी के द्वारा दिया गया। मीटिंग करने वाला इसके बाद नवीन कानून के बारे में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने सहभागिता दिखाई। इस दौरान वहां नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस शशि मोहन सिंह, उपसंचालक अभियोजन अधिकारी सुरेश साहू ,जिला अभियोजन अधिकारी विपिन शर्मा, एडीपीओ विवेक शर्मा, आरती कटकवार और सामाजिक कार्यकर्ता मनीजर राम भी उपस्थित थे। इन सभी के द्वारा नए कानून की जानकारी दी गई और बताया गया कि यदि आपके साथ किसी भी राज्य में कोई घटना घटती है तो आप दूसरे राज्य में भी उसकी एफ आई आर कर सकते हैं। कानून के बदलाव के लिए सरकार के द्वारा बहुत ही सराहनीय कदम उठाया गया है। अब पहले की तरह अदालतों में भी फैसले के लिए कई वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। त्वरित निर्णय नवीन कानून के अनुसार होगा। सिटी कोतवाली में नवीन आपराधिक कानून प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। जहां बहुत सारे पोस्टर और बैनर लगे हुए थे ।उसमें भी नए कानून की जानकारी दी गई थी। कार्यक्रम का संचालन आर आई अमरजीत खूंटे के द्वारा किया गया। संकल्प के बच्चों के साथ उनकी शिक्षिका सीमा गुप्ता थी। सभी ने पुलिस विभाग को उनकी इस पहल के लिए धन्यवाद दिया। पुलिस विभाग के द्वारा बच्चों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी।

# एनटीपीसी लारा की मेजबानी में हुई तीसरी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय लैक्रोस चैंपियनशिप



**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा ने अपनी चल रही कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत, ग्रामीण युवाओं में खेल भागीदारी को बढ़ावा देने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तीसरी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय लैक्रोस चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक आयोजन किया।
यह टूर्नामेंट छत्तीसगढ़ लैक्रोस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया था और इसमें दिवाकर कौशिक आरईडी, डब्ल्यूआर क्षेत्र अनिल कुमार कार्यकारी निदेशक और एचओपी एनटीपीसी लारा रविशंकर सीजीएम परियोजनाएं, केशव चंद्र सिंह रॉय जीएम ओ एंड एम, हेमंत पावगी जीएम मैकेनिकल इरेक्ट, और जाकिर खान एजीएम एचआर सहित कई अन्य वरिष्ठ एनटीपीसी अधिकारियों की उपस्थिति देखी गई। सरपंच सहित स्थानीय पंचायती राज प्रतिनिधियों ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर युवा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ लैक्रोस एसोसिएशन के महासचिव देवव्रत चौधरी और एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान के लिए चयन ट्रायल आयोजित किए गए जो दिसंबर में जम्मू में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर और सीनियर बालक एवं बालिका लैक्रोस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस वर्ष के आयोजन में 216 खिलाड़ियों ने प्रभावशाली भागीदारी की, जिन्होंने उत्कृष्ट कौशल उत्साह और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति




**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुनकुरी द्वारा आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन (18 नवंबर) को विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में दिनचर्या सुबह 6:00 बजे आकर्षक संगीत के साथ पीटी से प्रारंभ हुई। इसके बाद नाश्ता उपरांत स्वयंसेवक निर्धारित कार्यों के लिए रवाना हुए। सुबह 9:00 बजे से 12:00 बजे तक स्वयंसेवकों ने बथनटोली में नल-जल परिसर, मंदिर चबूतरा तथा हनुमान के कीर्तन भवन के आसपास सफाई अभियान चलाया। घास–झाड़ियों की सफाई और कचरा हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। बौद्धिक चर्चा सत्र में कुनकुरी के व्याख्याता संजय कंसारी ने स्वच्छता के महत्व पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छता केवल आदत नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को 24 घंटे सेवा भावना से तत्पर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर युवाओं में निर्णय क्षमता, टीम वर्क और नेतृत्व कौशल को विकसित करते हैं। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने आकर्षक नेतृत्व-प्रेरणा गीत प्रस्तुत किए तथा स्वच्छता संबंधी नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान सरपंच रोमी मिंज ने स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा तथा मोबाइल फोन के लाभ–हानि पर ग्रामीणों को जागरूक किया। अंत में मधु खेस ने दूसरे दिन के कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

### अनुमति की औपचारिकता पूरी नहीं, दो महीने से जारी है कटाई

# नए विद्युत फीडर विस्तार के नाम पर दी जा रही पेड़ों की बलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़





बिलाईगढ़। क्षेत्र के वनांचल इलाकों में इन दिनों विद्युत विभाग द्वारा नए 11 केवी फीडर लाइन विस्तार के नाम पर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही है। बिलाईगढ़ अंतर्गत 33द्11 केवी धनसीर विद्युत उपकेंद्र से तीन नए फीडरों धनसीर, कारीपाठ बाईफरकेशन, सलिहा फीडर धनसीर, सलिहा, सिरमाल, दयालपुर, कुकरीकोना,भोगडीह तथा पिरदा फीडर धनसीर, बगमल्ला, भोरकाडीपा, चंद्रनगर का निर्माण कार्य जारी है। इनमें से कई हिस्से सीधे वन मार्गों से होकर गुजरते हैं, जहाँ सैकड़ों पेड़ काटे जा चुके हैं। कार्यकारी विभाग द्वारा 12 नवंबर को सहायक अभियंता, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, उपसंभाग बिलाईगढ़ ने वन मंडल अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ से पेड़ों की टहनियों की कटाई छटाई की अनुमति माँगी है। परंतु स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि दो माह पहले से कार्य लगातार प्रगतिरत है, और अनुमति के बिना ही टहनियों के साथ बड़े पेड़ों को भी काटा गया है, जिससे वन संपदा और पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। जानकारी के अनुसार केवल टहनी छटाई की अनुमति माँगी गईए पर जमीन पर पूरे पूरे पेड़ काटे गए। ग्रामीणों के अनुसार कटाई का दायरा बेहद बड़ा है, जिससे जंगल की हरियाली, जैव विविधता और वन्यजीवों के आवास पर खतरा बढ़ गया है। बिना अनुमति भारी पैमाने पर पेड़ गिराया जाना वन विभाग की सतर्कता और समन्वय पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। घटना के बाद स्थानीय लोगों, पर्यावरणप्रेमियों और जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है। प्रशासन पर अब जवाबदेही का दबाव बढ़ गया है। विभागीय लापरवाही, ठेकेदार की मनमानी और अनधिकृत कटाई की पूर्ण जांच तथा कड़ी कार्रवाई की माँग की जा रही है। वहीं सहायक अभियंता ने कहा कि पेड़ों की कटाई छटाई के लिए अनुमति वन मंडलाधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ को पत्र भेजा जा चुका है। अभी तक अनुमति अभी तक अप्राप्त है। दूसरी ओर रेंजर का कहना है क विद्युत विभाग ने इस कार्यालय से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली है। न विभाग और न ठेकेदार ने कोई पूर्व सूचना दी है। अपनी मनमर्जी से पेड़ काटे जा रहे हैं। काटे गए पेड़ों की गणना कर एफआईआर दर्ज करने कहा गया है।

